तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

14 जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया हुनर

13 करूभात और महिलाओं ने रखा व्रत




## खबर संक्षेप

### पूजा करने गए ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

**बालोद।** मंदिर में पूजा करने गए व्यक्ति को गांव एक व्यक्ति ने माइक बंद करने की बात को लेकर गाली गलौज व मारपीट कर दी। इसके बाद पीड़ित ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम भरदा(ट) निवासी जगदेव राम सिन्हा ने पुलिस को बताया है कि वह गांव में बने कैलाश धाम मंदिर में रोज की तरह पूजा करने गया था, वहां मेरे साथ गांव के तेज राम यादव, सिरमन देवांगन भी थे, शाम को राजेश साहू ने आकर माइक बंद करने की बात और लाइट क्यों नहीं जलाते हो की बात को लेकर मुझे गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये मेरे जबड़े को पकड़ लिया, जिससे मेरे जबड़े में दर्द हो रहा है।

### गाली-गलौंज करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज



**बालोद।** ग्राम के चौक में स्थित किराना दुकान के पास खड़े व्यक्ति के पास आकर मोहल्ले के तीन लोग गाली गलौंज व मारपीट करने लगे जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं0 05 गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी आदित्य राय ने पुलिस को बताया कि रात्रि 10 बजे हटरी मोहल्ला सद्दाम तिगाला के किराना दुकान के पास गुण्डरदेही में खडा था कि उसी समय उसके दुकान के पास मेरे मोहल्ले के टाईगर ऊर्फ शुभम यादव, तुलसी यादव, चंद्रशेखर ऊर्फ लल्ला सोनकर मेरे पास आये और नशे के हालत में बिना कारण के गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये है। मारपीट करने से मेरे सिर के दोनों भाग में चोंट आकर दर्द हो रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत




**बालोद।** रात का खाना खाकर टहलने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर एक्सींडेट कर दिया। जिससे युवक की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनो द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जहां पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ धारा 184, 106(1), 281 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पीपरछेडी वेद राम भुआर्य ने पुलिस को बताया है कि उसके चाचा का लडका सोमेन्द्र कुमार जो नगरनार (दंतेवाडा) में ए.सी. ऑपरेटर का काम करता था जो 24 अगस्त के शाम 05 बजे ग्राम पीपरछेडी घर आया हुआ था। रात्रि में खाना खाकर पडोसियो के साथ बैठकर आपसी शादी एवं घरेलू बात करने के बाद सब अपने अपने घर चले गये। करीबन रात्रि 10.30 बजे सोमेन्द्र गली तरफ टहलने जा रहा हूं कहकर निकला था जो रात्रि में घर नही आया 25 अगस्त के सुबह 05 बजे पता चला कि ग्राम पीपरछेडी मेन रोड तालाब के पास अज्ञात वाहन के द्वारा तेज लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाकर सोमेन्द्र को एक्सीडेंट कर दिया। जिससे सोमेन्द्र के चेहरा, सिर में गंभीर चोट लगने से अधिक खून बहने के कारण मृत्यु हुआ है जिसकी जानकारी होने पर जाकर देखा तो मेरे चाचा का लडका सोमेन्द्र मृत अवस्था में रोड पर पडा था। जिसे किसी अज्ञात वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से सोमेन्द्र कुमार को गंभीर चोट लगने से मृत्यु हुआ है।

# अंचल में गणेश चुतर्थी की धूम, आज जगह-जगह विराजेंगे श्रीगणेश

## गणेश स्थापना को लेकर सभी तैयारी पूर्ण, बाजारों में रौनक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गणेश चतुर्थी को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचल में उत्साह का माहौल है। विभिन्न पंडालों में आज गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। गणेश स्थापना को लेकर बड़े-बुजुर्गों के साथ-साथ छोटे बच्चों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

बच्चे सुबह से ही पंडालों में जाकर सजावट में सहयोग कर रहे हैं और बप्पा के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। नगर में जगह-जगह गणेश मंडलियों द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण किया गया है। पंडालों की सजावट में झूमर, झालर, रंग-बिरंगी लाइटें और आकर्षक कलाकृतियों का प्रयोग किया गया है। कई मंडलियों ने गणेश स्थापना के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं जिससे आने वाले श्रद्धालु गणेश दर्शन के साथ साथ स्वास्थ्य लाभ भी ले





सकें। स्थानीय मूर्तिकार टेक राम पांडे ने बताया कि इस बार गणपति की मूर्तियों की जबरदस्त मांग है। बाजार में छोटी-बड़ी हर आकार की प्रतिमाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें लोग हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। उनका कहना है कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस बार अधिकांश लोग मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यवसायी हरीश निषाद ने बताया कि वे वे गणेश की छोटी मूर्तियां बेच रहे हैं इसके साथ ही सजावटी सामान भी अच्छी मात्रा में बिक रही है।गणेश स्थापना को लेकर मंडलों के कार्यकर्ता और मोहल्लेवासी पूरे उत्साह से जुटे हुए हैं। शाम को आरती और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ गणेश उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से वातावरण गूंजायमान रहेगा। नगर में आस्था और उल्लास का संगम साफ झलक रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि विघ्नहर्ता गणेश के आगमन से सुख-समृद्धि और मंगलमय वातावरण की स्थापना होगी।

## परेशानी

### नगर प्रशासन निक्रिय, बड़ी घटना का कर रहा इंतजार

# शहर की सड़कें गड्ढे में तब्दील घट सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में प्रशासनीक निक्रियता के चलते सड़क बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, लेकिन इस ओर न प्रशासन ध्यान दे रहा हैं औंर ना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि। नतीजा यह है कि आम जनता अपने जान को जोखिम में डालकर सफर करने मजबूर है।

नगर के प्रमुख चौक चौराहो से होकर गुजरने वाले प्रमुख मार्ग इन दिनों सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आ रहे हैं, जिसमें बचते बचाते जैसे तैसे राहगिर गुजरने मजबूर है। जहां थोड़ी सी लापरवाही लोगों की जान पर भी बन सकती है, लेकिन प्रशासन की निक्रियता ऐसी की सड़कों के गड्ढे कम होने के जगह और बढ़ते क्रम पर है।

जहां जिला मुख्यालय के घड़ी चौक अब गड्ढा चौक के रूप में भी जाना जाने लगा है, जिसके बाद अब उससे लगे कई मार्गों में गड्ढों का विस्तार होते दल्ली चौक में भी गड्ढा हो गया है। जिसे अभी तक ढ़का भी नहीं गया और सरदार पटेल मैदान के पास स्कूल मार्ग में एक और बढ़ा गड्ढा हो गया, जिसमें अगर



कोई घुसा तो बड़ा हादसा होने की पूरी गुजांईस है, क्योंकि यह गड्ढा अन्य गड्ढों से ज्यादा गहरा है और इसका आकार लगातार बढ़ते जा रहा है। अगर समय पर इसकी मरम्मत नहीं की गई तो रात में क्या दिन में ही दोपहिया वाहन चालक के साथ चारपहिया के फसने की गुंजाईस बनी है।

वहीं शिक्षा विभाग का प्रमुख केन्द्र सरदार पटेल मैदान के आस पास शिक्षा से जुड़ी कई प्रतियोगी परीक्षा व प्रतिदिन स्कूल का संचालन किया जाता है साथ ही शिक्षा से



जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के सामने ही सरदार पटेल मैदान के मुख्य गेट के पास छड़ बाहर निकला पड़ा हैं, लेकिन किसी को बच्चों के घायल होने की या दुर्घटना होने की कोई चिंता नही, बल्कि इसी मार्ग से अधिकारी कर्मचारी व शिक्षकों के सामने से स्कूली बच्चे आना जाना करते हैं तथा मैदान में विभिन्न खेल बच्चे खेलते रहते हैं, जहां बच्चे खेलते हुए इस छड़ के चपेट में आए तो बड़ा हादसा होने की गंजाईस रहती हैं, लेकिन इस और ना ही प्रशासन का ध्यान है और ना ही शिक्षा विभाग व स्कूल प्रबंधन इस पर ध्यान दे रहा हैं।

सरदार पटेल मैदान के अंतिम छोर प्रसाधन के पास नाली में बनी रेलिंग टूट गई हैं, जिससे प्रसाधन आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं, जहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कई प्रतियोगी परीक्षा के साथ विभिन्न खेलों व शिक्षा से जुड़े आयोजन इस जगह करते हैं, जहां बच्चों के साथ परिजन भी आते हैं तो बच्चों के इंतजार में मैदान में ही रूकते हैं या प्रसाधन के लिए इस छोटे गेट में बने रेंलिग का उपयोग करते हैं, लेकिन इसके टूट जाने से प्रसाधन के लिए आने जाने के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# डॉ. ने इलाज कराने की दी सवाह सहयोगी ने किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोनोग्राफी दिखाने के बाद डॉक्टर द्वारा अन्य डॉक्टर के पास जाकर ईलाज कराने की सलाह देने पर मरीज का साथी नाराज हो गया तथा पीड़ित डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने लगा जिसके बाद डॉक्टर द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जिसके बाद पुलिस ने धारा 3 एलसीजी, 221 बीएनएस, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। शासकीय अस्पताल डौंडी में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ डॉक्टर अनुराग अमित ने पुलिस को बताया कि सुबह 09 बजे से शासकीय अस्पताल डौंडी में ओपीडी में कार्य कर रहा था, तभी दोपहर करीबन 12.30 बजे मरीज उकारी निवासी जगन्नाथ पिता परमेश्वर 30 वर्ष के साथ डौंडी निवासी गोरे लाल सोनी भी आया था, मरीज जगन्नाथ दल्लीराजहरा से एक्सरा कराकर जांच के लिए मेरे पास आया था। मेरे द्वारा एक्सरा फिल्म देखने के बाद दांए हाथ के मेटाकारपल बोन में फ्रेक्चर होना बताने पर ईलाज के लिए अस्थि रोग विशेषज्ञ के पास जाने की सलाह देने पर गोरे लाल सोनी के द्वारा मुझे ऊंची आवाज में धमकी देने लगा की मरीज का ईलाज यही करना पडेगा नही तो अस्पताल बंद करने की धमकी देने लगा। जिसके बाद मैं खंड चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह ठाकुर को बताने पर डॉक्टर द्वारा भी गोरे लाल सोनी को काफी समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु गोरे लाल सोनी के द्वारा धमकी देते हुए चला गया।

### महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** घर मे अक्सर चाय पीने के लिए आने वाले व्यक्ति ने महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दिया। जिसके बाद महिला द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जहां पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड क्र0 2 निवासी रोहनी नायक ने पुलिस को बताया है कि वह झाडू बर्तन अमानी का काम करती है। सुबह पृथ्वी नेपाली उर्फ पोकू जो मेरे घर आना जाना करता था, हमेशा चाय पीकर जाता था, शराब पीकर आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर घर में रखे लकडी के डंडा से मुझे दोनो पैर, दाहिने हाथ एवं पीठ में मारपीट किया है मारपीट करने से मेरे शरीर में दर्द हो रहा है।

# आंदोलन में एनएचएम कर्मचारी संघ ने फोड़ी मटकी और जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन जारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड-पे, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। जब करोना था तो एनएचएम कर्मचारियों द्वारा जीजान लगाकर मेहनत की, जिसके फल स्वरूप कोराना पर काबू पा लिया गया, लाखों लोगों की जान बचाई, कोरोना ने हमारे कई साथियों की जान ले ली, परंतु कर्मचारियों के संविदा होने के कारण कुछ लाभ नहीं मिला, उनका परिवार आज संकट ग्रस्त है। एनएचएम कर्मचारियों तो करोना से जंग जीत गए, परंतु अपनी सरकार से संविदा कुप्रथा के दंश से कब जीतेंगे। हड़ताल में नौवें दिन बस स्टैंड बालोद विरोध स्वरूप संविदा रूपी मटकी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# शहर में अवैध खटाल, मोहल्लों में फैली बदबू, गंदगी से शहरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के वार्ड 13 के आवासीय क्षेत्र में संचालित अवैध खटाल को लेकर वार्डवासियों का आक्रोश है। गली-मोहल्लों में फैली बदबू, गंदगी और मवेशियों की खुली आवाजाही से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। आलम यह है कि घरों के सामने मच्छर-मक्खियों का अंबार लग रहा है और छोटे-बुजुर्ग लगातार बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

### नियमों का उल्लंघन

नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 और 224 के तहत किसी भी आवासीय क्षेत्र, विद्यालय, अस्पताल और सार्वजनिक स्थल से



कम से कम 200 मीटर दूर ही खटाल या डेयरी संचालित किया जा सकता है। वहीं छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियमावली के मुताबिक, खटाल के लिए स्वच्छता, जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधन की उचित व्यवस्था अनिवार्य है।

लेकिन वार्ड 13 में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आवासीय क्षेत्र के बीच खुलेआम खटाल संचालित किया जा रहा है। यह न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डालने जैसा कृत्य है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खटाल संचालक हमेशा दबंगई दिखाता है और किसी के विरोध करने पर लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाता है।

वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि खटाल को जल्द से जल्द हटाया नहीं गया तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वार्ड 13 के निवासियों ने मांग की है कि अवैध खटाल को तत्काल हटाया जाए। खटाल संचालक पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इलाके की सफाई और फॉगिंग कराई जाए ताकि बीमारी फैलने से रोका जा सके।

## नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में शासकीय जिला अस्पताल बालोद में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवाकेन्द्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। जहां सुबह 10 बजे से 5 बजे तक चले रक्तदान अभियान में लोंगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके तहत ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान अभियान का उद्घाटन किया गया। जिसमें




विशेष रूप से सिविल सर्जन, शासकीय जिला अस्पताल बालोद आरके. श्रीमाली, थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी तोमन साहू, अध्यक्ष नगरपालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद हरीश सांखला, व्यापारी बालोद श्रवण टावरी, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, साथ में सरिता दीदी उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि बालोद के रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रलय तथा जिला अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा। डॉ. श्रीमाली ने कहा कि मै बीच–बीच में शिवानी दीदी को यूट्यूब पर सुनता हूं जो कि मन को शांति प्रदान करता है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मन को शांति प्राप्त करने की विधि सिखाई जाती है। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने कहा कि मै रायपुर स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र पर गया हूं। इसलिए यह कह सकता हूं कि यहां आने से मनुष्य को नई ऊर्जा मिलती है जिससे नए रूप से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

आपकी प्रेरणा से ही मुझे भी रक्तदान करने का अवसर मिला मेरा सौभाग्य है। तोमन साहू ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा बीच–बीच में अनेक जन कल्याण कार्य होते रहते है जिससे सभी को नई ऊर्जा एवं प्रेरणा मिलती रहती है। कमलेश सोनी ने कहा कि इस जन सहयोगी कार्य में मुझे अवसर प्राप्त हुआ यह मेरा सौभाग्य है।

# बाजे-गाजे के साथ पंडालों में लाये गये विघ्नहर्ता गणेशजी



**बालोद।** जिले में आज गणेशजी की प्रतिमा पंडालों के साथ घरों घर विराजीत होगी, लेकिन इससे पहले गणेश पंडालों द्वारा विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता भगवान गणेश को भव्य स्वागत के साथ पंडालों तक लाते दिखे, जहां डीजे, धुमाल के भव्य भक्तिगीतों में भक्त भगवान गणेश के स्वागत में चलते, गाते, झूमते दिखे, जहां शहर के विभिन्न चौक चौराहो में समितियों द्वारा भगवान गणेश के स्वागत की विभिन्न तैयारियां की गई थी।

**खबर संक्षेप**

## आप के प्रयासों से दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा उपाध्यक्ष क्रांतिकारी साथी जसप्रीत सिंग़ की अथक मेहनत के बाद वार्ड नंबर 45 निवासी रवि जी को ट्राईसिकल मिली। इसके लिए जसप्रीत सिंह ने मुख्यमंत्री को लेटर लिखा था। इस पूरी प्रक्रिया में आवेदन देने से लेकर ट्राईसिकल हासिल कर रवि को देने तक की प्रकिया में जसप्रीत सिंग के साथ-साथ रामपाल, बलविंदर सिंग, अमजद, डॉ. एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंग, के. ज्योति, सोनू यादव, धर्मेंद्र चौधरी, रऊफ अंसारी, छबी देवांगन, डीकेश्वर विजय अग्रवाल के साथ अन्य उपस्थित रहे। खुर्सीपार के श्रीराम चौक पर यह साइकिल देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रवि ने आप कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## अंडर-14 व 19 क्रिकेट टीम का चयन 31 से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए आयोजित अंडर-14 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। बीएसपी टीम के गठन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया है। अंडर-14 (बालक) आयु वर्ग में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 के मध्य और अंडर-19 (बालक) आयु वर्ग के लिए 1 सितम्बर 2007 से निर्धारित सीमा तक जन्म लेने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। अंडर-14 व अंडर-19 (बालक) टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन क्रमशः 30 अगस्त तथा 31 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में किया गया है। इच्छुक संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी चयनकर्ता के राजगोपालन व देवेश बनर्जी के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

## केन्द्रीय मंत्री मांडविया व ईपीएफओ के उच्चाधिकारियों के साथ सेफी की बैठक

# ईपीएस -95, हायर पेंशन की पात्रता में विसंगतियों से सेल कार्मिकों के प्रमोशन और स्थानांतरण हो रहे प्रभावित, जल्द हो समाधान

**दिल्ली में विभेद समाप्त करने जल्द जटिलताओं के अध्ययन का मिला आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ईपीएस-95 हायर पेंशन की पात्रता को लेकर बीएसपी सहित सेल कार्मिकों को फिर से एक बार उम्मीद बंधी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और ईपीएफओ के केंद्रीय अधिकारियों के साथ सेफी पदाधिकारियों की हुई अहम बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरुप सेल की सभी इकाइयों के कर्मियों को हायर पेंशन की पात्रता देने के लिए जटिलताओं आवश्यक अध्ययन करना का आश्वासन मिला है।

सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर और महासचिव संजय आर्या ने सेल में ईपीएस-95 हायर पेंशन पर उत्पन्न विभेद पर मंत्री मांडविया को अवगत कराया। मंत्री ने सेफी के इसे संज्ञान में लेते हुए ईपीएफओ के केन्द्रीय उच्च अधिकारियों को इस मुद्दे पर बैठक आयोजित करने निर्देशित किया।मंत्री के निर्देश पर 21 अगस्त को श्री बंछोर के नेतृत्व में सेफी ने ईपीएफओ के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सेफी ने ईपीएफओं के अधिकारियों को सेल की विभिन्न इकाईयों के मध्य



ईपीएस-95 हायर पेंशन को लेकर उत्पन्न विसंगतियों व विभेद से अवगत कराया।

सेफी ने मांग किया कि एक ही कंपनी में कार्यरत कार्मिकों के मध्य हायर पेंशन की पात्रता में विभेद उत्पन्न हो जाने से कंपनी के भीतर प्रमोशन, स्थानांतरण से लेकर प्रशासनिक व प्रचालनिक निर्णयों में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसे जल्द समाप्त करने की मांग की गई, जिससे सेल की सभी इकाईयों के कार्मिकों को 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप ईपीएस-95 हायर पेंशन की पात्रता प्रदान किया जाए।

### सेफी को निदान की आशा

बैठक में सेफी की ओर से चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर व महासचिव संजय आर्या और ईपीएफओ की ओर से रमेश कृष्णमूर्ति, सीपीएफसी के सीईओ,चंद्रमौली चक्रवर्ती, अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त और अपराजिता जग्गी, अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त उपस्थित थे।बैठक में रमेश कृष्णमूर्ति, सीपीएफसी के सीईओ ने सेफी की मांग पर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक अध्ययन कराने का आश्वासन दिया। श्री बंछोर ने बताया कि सेफी को उम्मीद है कि मंत्री की पहल से जल्द समस्या का निदान होगा।

## जन प्रतिनिधयों से लेकर आम जनता तक को स्मार्ट बनने सीखना होगा मैनर्स, घर में बना लेते हैं कचरे से खाद

# इंदौर में पुलिस से अधिक निगम का खौफ यहां भीख लेना और देना दोनों अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

*भिलाई नगर निगम को स्मार्ट सिटी इंदौर की तरह बनाने के लिए महापौर निगम के अधिकारियों और पार्षदों को लेकर तीन दिन की ट्रेनिंग पर गए थे। यहां जाकर उन्हें पता चला कि स्मार्ट बनने के लिए निगम को पुलिस की तरह सख्त होना पड़ेगा। भिलाई निगम के स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि अगर स्मार्ट शहर बनाना है तो उसके लिए मंत्री विधायक और आम जनता तक को अवेयर होना होगा।*

**अलग खबर**

निगम को इतना सख्त होना होगा उसके डर से लोग नियमो का पालन करें। इंदौर में पुलिस से अधिक लोगों में निगम का खौफ है। यहां नियम इतने सख्त हैं कि भिखारी तक शहर में नहीं दिखता।

इंदौर को भिक्षुक मुक्त शहर बनाया गया है। इसके लिए जगह जगह बोर्ड लगाए गए हैं कि यहां भीख लेना और देना दोनो अपराध है। इसके लिए निगम ने बकाया एक कंट्रोल रूम बनाया है और इस पर रोक लगाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और अपने कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया है।




### निगम की घूमती है पेट्रोलिंग गाड़ी

इंदौर में लोगों को पुलिस से अधिक निगम का खौफ है। यहां निगम ने अपनी एक पेट्रोलिंग टीम बनाई है। यह टीम पीले रंग की गाड़ी लेकर राउंड मारती रहती है। जहां भी कचरा या गंदगी करते कोई मिला तो उसके खिलाफ वहीं पर जुर्माने की कार्रवाई की जाती है। यहां तक यहां के जनप्रतिनिधि, बड़े अधिकारी और मंत्री तक निगम के नियम का पालन करते हैं और होर्डिंग तक अपने से कहीं नहीं लगाते हैं। होर्डिंग लगाने से पहले निगम से बाकायदा अनुमति ली जाती है उसके बाद उसे लगाया जाता है।

### गार्डन में उपयोग होती है खाद

शहर के तालाबों की गंदगी का सबसे बड़ा कारण पूजा समग्री को विसर्जित करना होता है। इसके लिए इंदौर की जनता को घर में ही खाद बनाने की जानकारी दी गई है। लोग घर में एक डस्टबिन में पूजा में निकलने वाली सामग्री व फूल को डालते हैं। इसके बाद उसमें एक कैमिकल डालते हैं। कुछ दिन में ही वो खाद का रूप ले लेता है। इसके बाद उस खाद को दूसरी बाल्टी में इकट्ठा करके रख लेते हैं, जो कि घरों के गार्डन में खाद डालने के लिए उपयोग में लाई जाती है।



### इंदौर में सफाई एजेंसी पर जुर्माने का प्रावधान, लेकिन भिलाई में नहीं

इंदौर में कचरा उठाने के लिए जो भी गाड़ी जाती है वो जीपीएस सिस्टम से लैस होती है। यदि कोई कचरा गाड़ी तय समय पर निर्धारित घर में कचरा लेने नहीं पहुंची तो वहां दूसरी गाड़ी कचरा लेने पहुंच जाती है और उसकी जगह लापरवाही करने पर सफाई ठेकेदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाती है।



### लोग खुद रखते हैं गीले और सूखे कचरे के लिए डस्टबिन

इंदौर में सफाई को लेकर जनता इतना जागरूक है कि वो खुद अपने पैसों से गीले और सूखे कचरे के लिए अगल अलग डस्टबिन रखते हैं। इसके बाद गीला और सूखा कचरा अलग अलग करके कचरा उठाने वाली गाड़ी में डालते हैं। गीला सूखा कचरा अलग अलग ना देना और ना लेने पर निगम ठेकेदार और जनता दोनों पर 500 रुपए से लेकर अधिक से अधिक जुर्माना लगाया जाता है। भिलाई के पार्षदों ने एक सब्जी बेचने वाली महिला को देखा कि वो जो भी कचरा निकल रहा था उसे ठेले में ही रख रही थी। जब उससे पूछा गया तो उसने कहा कि वो इस कचरे को आगे जो भी कूड़ेदान मिलेगा उसमें डालेगी। जबकि भिलाई में उल्टा है। यहां आकाश गंगा, पावर हाउस, दुर्ग से लेकर सभी सब्जी मंडियों या दुकानो में सब्जी का कचरा सड़कर बदबू मारता रहता है।

## सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, संविधान संशोधन विधेयक वापसी और बिहार चुनाव में वोट काटना बंद करने की मांगो के लेकर मंगलवार को सेल परिवार चौक सिविकसेंटर में शाम 6 से 7 बज तक धरना व सभा का आयोजन किया जा रहा है। इन मुद्दों पर विभिन्न वामपंथी पार्टियों सीपीआई,सीपीआई (एम) सीपीआई (एम एल) लिबरेशन तथा विभिन्न जन संगठनों सीटू, एटक, ऐक्टू क परिचर्चा भी हुई। वाम नेताओं ने कहा कि बिहार चुना में विशेष गन परिक्षण के नाम पर मतदाताओं के नाम काटना अनुचुति है। 24 जून को अचानक चुनाव आयोग ने घोषणा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा 25 जून से काम शुरू कर दिया 11 दस्तावेजों की सूची जारी किया गया जो गरीबों के पास मिलना मुश्किल है 22 लाख लोगों को मृत बताकर, 36 लाख लोगों को बिहार से बाहर होना बताकर एवं 7 लाख लोगों को दो जगह वोट होने की बात कहकर नाम काट दिया गया। चुनाव आयुक्त ने कहा वह सब गोलमोल और लफ़्फ़ाजी के सिवा कुछ भी नहीं है जिसे पूरा देश समझ चुका है। कहा कि संविधान संशोधन संविधान और देश के संघवाद पर हमला है। वहीं सरकार भारत विरोधी अमेरिका की टेरिफ नीति का कड़ा जवाब भी नहीं दे रही है।

## नराकास का वार्षिक पुरस्कार समारोह कलामंदिर में 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' की छमाही बैठक और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 28 अगस्त को भिलाई निवास में आयोजित है। मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन होंगे। अध्यक्षता, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर् चित्त रंजन महापात्र व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे।

# तीज उत्सव में महापौर ने जमकर लगाए ठुमके, किया करू भात का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने रविवार की शाम अपने सरकारी आवास एफ-4 पर विशेष "करू भात भोज" का आयोजन किया। सभी तीज हारिन को आमंत्रित कर तीजा पर्व से जुड़ी पारंपरिक रस्म निभाई गई।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में तीजा पर्व महिलाओं का महत्वपूर्ण त्योहार है। इस पर्व में महिलाएं अपने परिवार की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। "करू भात" भोज इस पर्व का पहला चरण होता है, जिसमें महिलाएं करेला और भात का सेवन करती हैं और उसके बाद खीरा खाकर विश्राम करती हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक महत्व का नहीं बल्कि लोक परंपराओं और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

**सादगी और आत्मीयता का वातावरण:** कार्यक्रम के दौरान महापौर अलका बाघमार ने स्वयं भोजन परोसकर महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया। सादगी भरे इस आयोजन में परंपरागत भोजन की थाल सजाई गई, जिसमें करेला-भात के साथ अन्य व्यंजन भी रखे गए थे।मौके पर उपस्थित महिला कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे के साथ पर्व की परंपरा साझा की और इसे सांस्कृतिक धरोहर बताया।

# दल्ली राजहरा में 12 से 14 अक्टूबर तक सीटू का आठवां राज्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का आठवां राज्य सम्मेलन सम्मेलन 12 से 14 अक्टूबर को सिंधी भवन दल्ली राजहरा में होगा । सम्मेलन में राज्य के सीटू से संबद्ध विभिन्न यूनियनों से 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन भी उपस्थित रहेंगे। पहले दिन रैली निकलेगी और आमसभा होगी।

सीटू राजहरा के अध्यक्ष पुरुषोत्म सिमैया ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी के लिए राजहरा में यूनियन की सामान्य बैठक संपन्न हुई। स्वागत समिति



गठन किया गया जिसमें एमएस शांत कुमार को अध्यक्ष, प्रकाश सिंह क्षत्रिय सचिव, जे गुरूवुलु को कोषाध्यक्ष चुना गया । पुरुषोत्तम सिमैया , विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, डीवीएस रेड्डी, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, संगीता महंत , रंभा पवार , इन्द्र दमन सिंह ठाकुर, अनिल रामटेके को उपाध्यक्ष एवं चार्ली वर्गीस , सुजीत मंडल, सुजीत मुखर्जी, मुकेश मानस, रामाधीन राम ,शशिकांत, नकुल देवांगन, आरती राम ठाकुर, बालमुकुंद ठाकुर , ओमप्रकाश साहू को संयुक्त सचिव चुना गया ।आवास व परिवहन आदि उप समितियों का गठन भी किया गया है।

## संभाग स्तरीय आधार प्रमाणीकरण कार्यशाला संपन्न

**दुर्ग।** संभाग स्तरीय आधार प्रमाणीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआईटी मैकेनिकल ब्लॉक में आयोजित किया गया। जिसमें उदय आरओ हैदराबाद से असिस्टेंट मैनेजर सन्नी सिंह एवं दिल्ली हेडक्वार्टर से संजय प्रकाश मास्टर ट्रेनर द्वारा आधार प्रमाणीकरण का प्रशिक्षण दिया गया। आधार प्रमाणीकरण से संबंधित तकनीकी विषयों पर जानकारी दी गई मनरेगा, पीओएस फूड, स्कूली, बैंकिंग आदि क्षेत्रों में आधार के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। दुर्ग संभाग के 7 जिलों से आधार आधारित विभाग जैसे शिक्षा, डब्ल्यूसीडी, पेंशन, बैंकिंग, राजस्व, खाद्य आदि से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स भी प्रशिक्षण का हिस्सा बने एवं बालोद, बेमेतरा, मोहला मानपुर, दुर्ग के ई-जिला प्रबंधक भी उपरोक्त प्रशिक्षण में उपस्थित हुए।

# अवैध स्थानों पर कचरा फेंकने से फैलेंगे संक्रामक रोग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग ने इस्पात नगर के नागरिकों से अपील की है कि वे कचरे का निस्तारण जिम्मेदारी पूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से करें। विभाग ने सभी नागरिकों, दुकानदारों, होटल एवं भोजनालय संचालकों तथा फूड स्टॉल संचालकों से स्वच्छता एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण बनाए रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

सभी लोग अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखें, जैसे, सूखा कचरा, भोजन एवं रसोई का कचरा तथा प्लास्टिक कचरा आदि, और इन्हें निर्धारित समय पर कचरा एकत्र करने आने वाले सफाई कर्मियों को ही सौंपें। विभाग ने चेतावनी भी जारी की है कि अवैध स्थानों पर कचरा फेंकने से न केवल गंदगी और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं तथा संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ता है। नगर सेवाएँ विभाग ने पुनः अनुरोध किया है कि भिलाई को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।

# स्वास्थ्य विभाग और दुर्ग पुलिस के अधिकारियों ने लिया सीसीसीटीएनएस की प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग पुलिस के द्वारा सीसीसीटीएनएस के मेडलीपार पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में दुर्ग पुलिस के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी और ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में उन्हें बताया गया कि पोस्टमार्टम और मेडिको लीगल रिपोर्ट पुलिस को तुरंत प्राप्त होगी। मेडलीपार पोर्टल पर एक क्लिक पर सारी जानकारी उपलब्ध होगी। छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिला के सभी पुलिस थाने मेडलेपर पोर्टल का प्रयोग कर रहे हैं। नया कानून लागू होने के बाद सीसीसीटीएनएस पोर्टल में पोस्टमार्टम और मेडिको लीगल रिपोर्ट को पाने के लिए ऑनलाइन विकल्प दिया गया है। इसके जरिए पोस्टमार्टम और एमएलसी रिपोर्ट एक क्लिक में मिल जाएगी। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भी इसी समीक्षा की और कहा कि इसको लेकर जो भी समस्या आएगी उसे वो तुरंत दूर करवाएंगे। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

■ मेडिको लीगल रिपोर्ट को पाने ऑनलाइन विकल्प

**कार्यों को गुणवत्तायुक्त और समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश**

# भिलाई शहर के विकास को लेकर विधायक रिकेश ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहर के विकास कार्य को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और भिलाई शहर में जो भी निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं, उन सभी कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री सेन ने कहा कि मूलभूत जितने भी कार्य कराए जा रहे हैं या कराए जाने हैं, उनका उपयोग अति आवश्यक कार्यों को ध्यान में रखकर किया जाए। संपत्ति कर एवं जल कर वसूली सहित भवन अनुज्ञा जारी कर राजस्व वृद्धि को बढ़ाने में प्राथमिकता के भी निर्देश दिए।

■ मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने कहा



नगर निगम द्वारा अंबाटित जमीन एवं बसाई हुई कॉलोनियों में मूलभूत सूविधाओं को प्राथमिकता देते हुये प्रस्ताव भेजने कहा। साथ ही पुराने जर्जर वाम्बे, अटल, रैशन, आईएचएसडीपी आवासो के निर्माण में प्राथमिकता पर भी चर्चा की गयी। विधायक द्वारा समीक्षा करते हुए निगम क्षेत्रांतर्गत निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य जो वर्तमान में संचालित हैं उसके सतत निरीक्षण पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा जो ठेकेदार कार्य गुणवक्तायुक्त नहीं कर रहे है और मनमानी कर रहे है, उन्हे ब्लेक लिस्ट किया जावे। ठेकेदार या जनप्रतिनिधियों के कर्मचारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिये कार्यवाही के लिए संभागायुक्त को नोटशीट लिखी जावे। संपदा विभाग की राजस्व अधिकारी से कहा गया कि संपदा विभाग के कार्यों को प्राथमिकता देने से आम नागरिकों को सुविधा होगी। नामांतरण के कार्यो को अविलंब पूर्ण किया जावे। राजस्व विभाग संबंधी जमीन का आंकड़ा एवं लेखा जोखा का दुरस्तीकरण किया जावे। जवाहर नगर स्थित निगम स्वामित्व जमीन से अवैध कब्जा को मुक्त कराना है, साथ ही निगम स्वामित्व के जमीन में धर्म के नाम पर अवैध कब्जा को रोका जाना होगा। जैसे अवैध मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर के निर्माण को रोका जाये। निगम स्वामित्व के कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जावे। शासन को रोड, नाली, लाइटिंग के सुविधाओं को मुहैया कराने प्राथमिकता देना है। प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, नेहरू नगर, साकेत नगर, स्लाटर हाउस रोड एवं अन्य निगम स्वामित्व द्वारा आंबटित भूमि पर निर्मित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्रथामिकता दिया जाये। समीक्षा बैठक में जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**भिलाई।** भाजयुमो नेता शुभम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ता भिलाई से रैली के माध्यम से रायपुर पहुंचे। मौके पर प्रकाश सिंह ,अमित सिंह, सत्यम यादव, बुजजी राव, श्याम जायसवाल, प्रकाश मिश्रा, आनन्द सिंह, अनीश अग्रवाल मौजूद थे।

## महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

**दुर्ग।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल नगर विधायक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पवन शर्मा को संघ का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष, विजय लहरे को पुनः प्रांतीय महामंत्री बनाया गया तथा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव को कर्मचारी संघ के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में संघ के जिला सचिव शिवदयाल धृतलहरे, तकनीकी शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक गौरीशंकर रावना, शिक्षा विभाग कर्मचारी संयोजक धर्मेन्द्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में जिले के कर्मचारी प्रांतीय अधिवेशन में सम्मिलित हुये।

## गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। भारत में 23 अगस्त को मनाए जाने वाला दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 में विशेष रूप से चर्चा में है क्योंकि यह चन्द्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की दूसरी वर्षगांठ है। इस दिन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में इसरो की चन्द्रयान-3 लैण्डर की चन्द्रमा की सतह पर सफल लैडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित में कॅरियर बनाने के लिये प्रेरित करता है।

पेज 11 का शेष

## आंदोलन में ...

फोड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें संविदा रूपी मटकी फोड़ कर संविदा प्रथा को खत्म करने का प्रयत्न किया गया। तीज उपवास में भी महिला कर्मचारियों का उत्साह देखते बना। उपवास में भी महिला साथी हड़ताल स्थल में उपस्थित रही। बालोद ब्लॉक से रामेश्वरी साहू, गुण्डरदेही ब्लॉक से उमेश्वर देशमुख, लोहारा ब्लॉक से सोनल गांधी, डौंडी ब्लॉक मिनाली रामटेके, गुरुर ब्लॉक फलेश्वरी और अन्य महिला साथी उपस्थित थे।

## निधन

### दुर्गेश राव गायकवाड़



**जामगांव आर।** नगर निवासी दुर्गेश राव गायकवाड़ का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे माना बाई के पुत्र वर्षा बाई के पति हेमराव के भाई थे।

### सुनैना साहू



**गुरूर।** वार्ड क्रमांक 03, नगर पंचायत गुरूर निवासी सुनैना साहू का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे पूर्व पार्षद चिंता राम साहू की माता थी।

# सिरभिंठा के ग्रामीणों ने खाया सामूहिक करूभात और महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

### पुरानी परंपरा को कायम रखने ग्रामीणों ने किया आयोजन





गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभांठा निवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी करू भात का आयोजन रखा गया। जिसमें गांव के माताएं बहनें बेटियां एवं पुरुष वर्ग कुल मिलाकर लगभग 800 लोगों ने करू भात का प्रसाद लिया। इस आयोजन का उद्देश्य तीज मिलन एक दूसरे से मेल मिलाप पुरानी यादें आज भागम भाग दौड़ में सभी अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं एक दूसरे से मेल मिला नहीं हो पता तीज पर्वों में आते हैं अपने मायका लेकिन अपने घर तक ही सीमित रहते हैं। लेकिन इस आयोजन में सभी बहने माताएं एक जगह एकत्रित होकर करू भात का आनंद लेते हैं और खुशी मनाते हैं सभी आए हुए माताओ को स्टील के थाली में परोसा गया सिंगल यूस डिस्पोजल पटरी प्लास्टिक के कोई भी सामान का उपयोग नहीं किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जो संकल्प राजेश कुमार सिन्हा ने पूरे बालोद जिला को प्लास्टिक मुक्त करने का दायित्व जो लिया। कार्यक्रम बहुत अच्छे से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आज के इस कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा अमृतानंद सिन्हा रूपचंद जैन, रामचंद्र साहू नरेंद्र सिन्हा युगल सिन्हा तीजू राम साहू रूप सिंह साहू शालिक ठाकुर बरातु राम साहू स्वजन साहू खिलावन सिन्हा धनेश्वर धनकर काशीराम सिन्हा बलराम सिन्हा मनोज सिन्हा रामाधीन सिंन्हा आदि लोगों का सहयोग रहा।

### 500 छात्रों की क्षमता वाले नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स को मिलेगा अध्ययन का मौका

# 13 करोड़ में बनेगा नालंदा परिसर, ई-लाइब्रेरी हाई-टेक कंप्यूटर, वाई-फाई जोन की होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### दिसंबर 2027 तक काम होगा पूरा, महापौर और आयुक्त ने स्थल का किया निरीक्षण



मालवीय नगर स्थित प्रयास स्कूल के करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण शुरू हो चुका है। दो मंजिला इस इमारत में अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

लाइब्रेरी में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, आईटी, कानून, पत्रकारिता, संस्कृति, अनुसंधान, वाणिज्य और कला विषयों की मैनुवली और डिजिटली उपलब्ध होंगी। शासन की मंजूरी के बाद इसका काम शुरू हो चुका है। सोमवार को महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्थल का अवलोकन किया। अधिकारियों से नालंदा परिसर से जुड़ी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि परिसर के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में ढाई करोड़ रुपए की राशि भी प्राप्त हो चुकी है। 2027 तक यह परिसर पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। महापौर ने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि परिसर के निर्माण के बाद युवाओं को अत्याधुनिक नालंदा परिसर का लाभ मिलेगा।

### इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए होगा आदर्श

जानकारी के मुताबिक यह सेंटर इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए आदर्श होगा। हालांकि तक्षशिला का निर्माण पुस्तकालय को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, लेकिन यह स्टार्टअप के विकास के लिए एक इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए आदर्श वातावरण भी उपलब्ध कराएगा। भूतल और पहली मंजिल में पुस्तकालय पढ़ने और ई-लर्निंग स्थान होगा। पहली मंजिल को इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में बनाया जाएगा। दूसरी मंजिल को कॉमर्शियल फेसिलिटी के लिए किराए पर देने की योजना है। आउटडोर रीडिंग के दौरान युवा प्रकृति के सानिध्य में अध्ययन का आनंद उठा सकेंगे। यह स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करने में मदद करने वाले संस्थान इन्क्यूबेशन सेंटर होगा। यहां भविष्य में छात्रों को वरिष्ठ आईएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### बनने वाले नालंदा परिसर की ये होगी खासियत, जानिए

नालंदा परिसर में सीढ़ीदार लैंडस्केपिंग, हरियाली और छायादार बैठने की जगह विकसित की जाएगी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 500 विद्यार्थियों की बैठक क्षमता वाली विशाल आधुनिक लाइब्रेरी होगी। दूसरे मंजिल में भी अध्ययन केंद्र होंगे। परिसर से करीब ही 5 दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जहां जरुरत के सामान उपलब्ध होंगे। ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक कंप्यूटर सिस्टम और वाई-फाई जोन की सुविधा दी जाएगी। दिसंबर 2027 तक इस परिसर का काम पूरा होना है। पूरे अंचल के छात्रों और शोधार्थियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और शोध कार्यों में भी मददगार सिद्ध होंगी।

### प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में तैयार किया जा रहा परिसर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग सहित प्रदेश के 13 निकायों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। दुर्ग के अलावा जिले में भिलाई में ई-लाइब्रेरी बनेगी। इसके लिए 85.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदेश सरकार ने प्रदान की है। दुर्ग, रायपुर, भिलाई समेत 4 निकायों में 500 और 9 निकायों में 200 लाइब्रेरी बनेगी। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसाइटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। नालंदा परिसर की तरह ही तक्षशिला परिसर की बनाई गई ड्राइंग डिजाइन और डीपीआर को पहले से ही तकनीकी स्वीकृति ली जा चुकी है।

### अन्य जिलों के भी आकर विद्यार्थी कर सकेंगे अध्ययन

नालंदा परिसर में प्रदेश के अन्य जिलों से भी विद्यार्थी आकर अध्ययन कर सकेंगे। शहर के युवाओं को शिक्षा और ज्ञान की आधुनिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि भवन अपने तरह का रोल मॉडल होगा, शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। निरीक्षण के दौरान लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, उप अभियंता हरिशंकर साहू तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे। अधिकारियों ने तैयार ड्राइंग-डिजाइन से भी अवगत कराया। गुणवत्ता का ध्यान रखने निर्देश दिए।



### दो मंजिला होगी इमारत

नालंदा परिसर का काम शुरू हो चुका है। ई-लाइब्रेरी यहां संचालित होगी। युवाओं के अध्ययन के लिए यह बड़ा केंद्र होगा। दिसंबर 2027 तक इसका निर्माण पूरा होना है। करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से इसे तैयार किया जा रहा है।
**-आरके जैन,** ईई नगर निगम दुर्ग



## पंडालों में आज विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

**अंडा।** आज 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेश चतुर्थी के झांकी पंडाल तैयार हो गई हैं। दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अंडा निवासी ताम्रध्वज निषाद ने बताया कि यहां 3 फीट से लेकर 8 फीट तक प्रतिमाएं मौजूद हैं। 8 सालों से मूर्ति बनाकर परिवार चला रहे हैं, आज मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। 10 दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी के लिए मूर्ति बाजार पूरी तरह सज गए है। गणेश एक रूप अनेक थीम पर सजे इन बाजारों में गणपति बप्पा कई रूप में दिखा रही है। ये ही नहीं उनके लिए खास आसन भी बनाए गए है।

## तीज पर्व पर सामूहिक करुभात खिलाया

**बालोद।** ग्राम ठेकवाडीह में तीज पर्व पर जय जोहार युवा संगठन द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज पर आए बहनों को एक साथ सामूहिक करु भात खिलाया गया। जहां अधिक से अधिक करूभात खाने महिलाएं पहुंचे। दुर दराज से पहुंचे बहनों में खुशी देखने को मिली जहां तीज पर पहुंचे सुभद्रा साहू, दुर्गेश साहू, नीतू साहू, मीना साहू ने बताया कि तीज पर्व पर हम सभी बहने दीदी सभी एक जगह सामूहिक करू भारत खाये जिससे हम सभी बहनों खुश हैं क्योंकि यही एक ऐसा पर्व है जहां सभी एक जगह एकत्र होते हैं जहां अपने बचपना ताजा करते हैं। इस तरह कार्यक्रम प्रतिवर्ष होता रहे यही हम उम्मीद करते हैं। इस कार्यक्रम में तामेश सेन, टिकेश्वर साहू, हेमंत साहू, चुलेद्र साहू, महेंद्र साहू, कांतू साहू, डिलेश्वर साहू, थपेंद्र साहू, रूपेंद्र साहू, खोमेन्द्र साहू, सूर्यकांत साहू, पुनाराम साहू खिलेंद्र फांशु साहू सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा। करू भात खाने के बाद खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को साड़ी देकर सम्मानित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के 35वां स्थापना दिवस पर 26 अगस्त को प्रतिभा बहुमान समारोह आयोजित कर बालक-बालिका, पालक, शिक्षक-शिक्षिकाओं अतिथियों का सम्मान किया गया।

समारोह के अतिथि रूपनारायण सिन्हा, पूर्व कुलपति डॉ. शिवकुमार पांडेय, चीप इंजीनियर हरिओम शर्मा और संस्थान अध्यक्ष राम भरोसा सोनी मंचासीन थे। छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता अभिनेता लिलेश्वर सिन्हा, पाटन जनपद सभापति प्रणव शर्मा, विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू, रेवाराम सोनी, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, सेजस पूर्व प्राचार्य राजेश पिल्लई, राजाराम सिंह, अतिथियों का स्वागत उपहार भेंटकर विद्यालय परिवार अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, प्रमोद जैन, डॉ. केएस देवांगन, डॉ. गुलाब साहू श्यामलाल चंद्राकर ने किया। अतिथियों ने पौंधारोपण किया अतिथियों ने विद्यालय मैदान में किए बादाम का पौंधारोपण छत्तीसगढ़ फिल्म निर्माता गायक ने गायन प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। सशिमं जामगांव आर क्षेत्र में होनहार संस्कारी बच्चे तैयार करने में महती भूमिका निभा रही है।

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि 26 अगस्त 1991 को मात्र 22 बच्चों से 500 जनसंख्या वाले ग्राम जामगांव आर प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर समाज के सहयोग से भव्य भवन निर्माण कर 2500 से अधिक जनसंख्या तक पहुंच चुकी जामगांव आर में अनेक उतार चढ़ाव के साथ 35वां स्थापना दिवस मनाए जाना गर्व की बात है। संचालन समिति के संस्कार त्याग लगन समर्पण का जीता जागता जीवंत मिशाल है। कार्यक्रम को योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, रविवि पूर्व कुलपति डॉ. शिवकुमार पांडेय, कुटुंब प्रबोधन प्रांत संयोजक हरिओम शर्मा, सरस्वती शिक्षा संस्थान अध्यक्ष राम भरोसा सोनी, जनपद सभापति प्रणव शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस मौके पर प्राचार्य पूरनलाल बारले, उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी दिव्या चंद्राकर, हाथेश्वर साहू, पवन बंछोर, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन, परमानंद टंडन, शशि यादव, डामिन साहू, काजल धनकर, दीपिका साहू, डाकेश्वरी साहू, अवधराम मंडावी, संतराम, तिलक वर्मा, देवसिंह देवांगन, चेतन निषाद, तानिया साहू, धात्री चंद्राकर, टिकेश्वरी डाली, मोनिका रूबी साहू, सेजल लावण्या, पुष्कर रितिका, टेकेश्वर, आयुष दीवार, मोनिका, नारायणी साहू, लोमस सोनवानी, टाकेश्वर, गीतांजलि, कनक यदु, वैभव यदु, पायल सेन आदि का सम्मान मोमेंटो उपहार देकर किया गया।

# रेंधई में शिक्षकों को दी गई सम्मान पूर्वक विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रेंधई में शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा भावपूर्ण वातावरण में शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक यशवंत निर्मलकर जो वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला खैरीडीह में पदस्थ हुए हैं तथा सहायक शिक्षक टेमन लाल भारती जो शासकीय प्राथमिक शाला बनगांव में पदस्थ हुए हैं, को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रधान पाठक देवांगन ने दोनों शिक्षकों को गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### डिप्टी कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

# कुथरेल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 70 आवेदन प्राप्त हुए।

■ जनदर्शन में मिले 70 आवेदन

### हॉकर लाइसेंस के लिए आवेदन

भिलाई निवासी ने गुमटी संचालन हेतु हाकर लाइसेंस प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिस स्थान पर वह गुमटी लगाना चाहती हैं, वह भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा विभाग के अधीन आता है। गुमटी संचालन के लिए हाकर लाइसेंस प्रदान होने पर उनके परिवार को आजीविका का स्थायी साधन मिल सकेगा। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### पेंशन के लिए आवेदन

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा से सेवानिवृत्त पश्चात पेंशन निर्धारण करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात अब तक उन्हें न तो पेंशन मिला है और न ही किसी भी प्रकार की देय राशि का भुगतान हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द पेंशन निर्धारण एवं देय भुगतान की कार्यवाही कर उन्हें राहत प्रदान करने की मांग की।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

इसी प्रकार ग्राम कुथरेल के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि में अतिक्रमण की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि कुथरेल ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से तार जाली और बाउंड्रीवॉल बनाकर कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्रामीणों ने सभी अतिक्रमणकारियों पर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की, ताकि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक करने को कहा।

## सड़कों पर सरकारी लापरवाही से इंसान और पशु दोनों परेशान : आप

**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी ने शासन-प्रशासन पर सड़कों में सरकारी लापरवाही का आरोप लगाया है। आप ने कहा कि दुर्ग जिले की अधिकांश सड़कों पर मवेशियों का डेरा है। इसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। इंसान और जानवर दोनों हादसे के शिकार हो रहे हैं। प्रदेश महासचिव वद्दूद आलम ने कहा कि दुर्ग- भिलाई शहर में मवेशियों की यह गंभीर समस्या केवल नगर निगमो या ग्रामीण निकायों का मामला नहीं रह गई है। बल्कि यह अब जनसुरक्षा से जुड़ा बड़ा विषय बन गया है। अवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए राज्य और एनएचएआई द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त है।

# विद्यार्थी करें अपने सपनों को साकार यही है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आधार : रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी एवं सदस्य विरेन्द्र शुक्ला, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा तथा चिरंजीव जैन उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य और जागरूकता की दृष्टि से दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नीति के अन्तर्गत छात्रों को मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय तैयार है तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भाव लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्य परक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख करती है। एनइपी के समन्वयक डॉ. रानी शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी करें अपने सपनों को साकार यही है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आधार हैं एवं एनईपी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक बताया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव, वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय लांजेवार, डॉ. निधि मिश्रा, एनसीसी केयर टेकर पवनदीप कौर, फरहा परवीन सिद्दकी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन युगेश देशमुख एवं यु मेनिका वर्मा ने किया।

■ विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाएगी सुविधाएं

## खबर संक्षेप

### आनंद विहार में फांसी लगा युवक ने दी जान

**भिलाई।** युवक ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आनंद विहार फेस 1 फ्लैट नंबर 204 निवासी प्रांत पिल्लै ने रविवार को कमरे में फांसी लगा ली। मृतक प्रशांत फ्लैट में अकेले रहता था। पत्नी करीब डेढ़ साल से जबलपुर में अलग रह रही है। जब पड़ोसियों को कमरे से हलचल नहीं दिखने पर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीतर प्रवेश करने पर सामने प्रशांत फांसी पर झूलते देखा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मरचूरी भेजा है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### पार्षद के साले पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते पार्षद के साले पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जागृति चौक में सोमवार देर शाम पार्षद अजीत वैद्य के साले आशीष गेडाम पर जांघ व गुप्तांक में चाकू से हमला कर फरार हो गया है। घटना में आशीष गंभीर रुप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद से इलाके में अफरा तफरी मच गई है। सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### धारदार चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नया पारा नदी रोड मोड़ के आगे युवक वार्ड 3 मठपारा दुर्ग निवासी हेमंत उर्फ हेमू सारथी को पुलिस ने पकड़ा। युवक के पास से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गैंती से हमला कर हत्या आरोपी को उम्र कैद

**दुर्ग।** आपसी रंजिश के कारण गैती से हमला कर शांतिनगर वैशालीनगर निवासी शब्बीर अहमद को मौत के घाट उतारने वाले को कोर्ट ने आजीवन कारावास और 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी पड़ेगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 25 मई 2021 को दोपहर करीब दो बजे की है। आरोपी राहुल उर्फ नितिन चौबे मृतक से मिलने पहुंचे। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने गैती से मृतक के सिर पर हमला कर दिया। मौके पर ही शब्बीर की मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।

### हल्की से मध्यम बारिश के आसार

**दुर्ग।** सोमवार को जिले में बारिश नहीं के बराबर हुई। इस वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम पारा 20.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा।

## तीजा पर्व : तिजहारिन बहनों ने भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सौभाग्य, प्रेम, समर्पण एवं वैवाहिक सुख का प्रतीक छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार हरियाली तीज के अवसर पर बालोद ब्लाक के ग्राम बिरेतरा में भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव के नेतृत्व में युवा मोर्चा महामंत्री कुलदीप यादव की अध्यक्षता मे युवा मित्र क्लब बिरेतरा के नवयुवकों द्वारा तीज मिलन व करू भात भोज का आयोजन किया गया।

■ नवयुवकों ने तीज मिलन व करूभात भोज का आयोजन किया

इस आयोजन में ग्राम की नव विवाहित बेटियों द्वारा भगवान शिव–माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु जीवन सौभाग्यवती होने की प्रार्थना की साथ ही माताओ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य व दीर्घायु की कामना करते हुए भगवान शिव माता पार्वती से आशीर्वाद मांगा पूरे गांव की तिजयारीन बहन, बेटी, माताओ ने एक स्थान पर करू भात भोज किया तथा राकेश यादव, कुलदीप यादव एवं समिति द्वारा नव विवाहितों को उपहार स्वरूप साड़ी भेंट किया। ज्ञात हो कि ग्राम के युवा मित्र क्लब के सभी नवयुवक सदस्य वर्ष भर ग्राम में किसी के भी घर में सुख–दुख में निःस्वार्थ सेवा प्रदान करते हैं पूरा प्रयास करते हैं कि प्रदूषण रुके प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग ना हो इसलिए हाथ से बने पत्तल व बर्तन का उपयोग कर भोज कराया जाता है सेवा परमो धर्म के उद्देश्य को लेकर जन सेवा करते हैं।

इस संपूर्ण कार्यक्रम में संरक्षक राकेश यादव, अध्यक्ष कुलदीप यादव, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ साहू, कामता साहू, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, सचिव वेद प्रकाश साहू, प्रचार मंत्री साहिल यादव, मीडिया प्रभारी यश कुमार, सदस्य तोकेश साहू, नोमेश सार्वा, छबील साहू, तिलक राम, महेंद्र सेन, गिरधर साहू, सोहनलाल साहू, दिलेश्वर यादव, प्रियांशु साहू, तामेश्वर प्रसाद, देवेंद्र साहू, चेतनानंद साहू, रितेश कुमार, प्रशांत साहू, विनय साहू, चंदन कुमार, नमेश साहू, किशोर कुमार, देवानंद साहू के साथ हेमलता साहु, बसंती साहू, लता साहू, संतराम राउत का विशेष सहयोग कार्यक्रम के सफल आयोजन में रहा।

### मुढ़िया में सामूहिक करूभात का आयोजन



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में तीजा पर्व के अवसर पर सामूहिक करूभात का आयोजन कर तिजहारिन बहनो को करेला की सब्जी के साथ करू भात खिलाया गया। जहां तिजहारिन महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना का महापर्व इस व्रत पूजा से एक दिन शाम के समय भोजन में करेले की सब्जी भात का भोग लगाकर उपवास रहती है। जहां इस दिन हर घर में करेला का सब्जियां खास तौर पर बनाया जाती है, तीज पर्व पर करू कड़वा भात खाने की परंपरा है जो की समस्ता ग्राम वासियों के सहयोग से बहन बेटियों को करेला सब्जी बनाकर भोजन कराया गया। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।

### तीजा पर्व पर विभिन्न खेल कूद का आयोजन

**गुण्डरदेही।** ग्राम किलेपार, भोथीपार व खपरी ब में सोमवार को तीजा मनाने मायके पंहुचे तिजहारीन महिलाओं के लिए समिति द्वारा सामूहिक करूभात का आयोजन किया गया था। जहां भोजन के पहले महिलाओं के लिए खेल–कूद का आयोजन किया गया था। जिसमे जलेबी दौड़, रस्सी खींच, कुर्सी दौड़ व अन्य खेलकूद का आयोजन रखा गया था, जहां प्रथम दुसरा व तीसरा आने वाले प्रतिभागिओं को समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।



### कुम्हारखान में 900 तिजहारिन बहनों ने खाया करूभात



**गुरूर।** ग्राम कुम्हारखान में ग्रामवासियों ने ग्राम में आए तिजहारिन बहनों के लिए सामूहिक करूभात का आयोजन किया गया था। जिसमे ग्राम के करीब 900 तिजहारिन बहनों ने करूभात खाया।

### टेकापार में करूभात खाने पहुंची तिजहारिन महिलाएं



**बालोद।** ग्राम टेकापार मे तीजा के अवसर पर तिजहारिन महिलाओ के लिए ग्रामवासीयों ने करूभात का आयोजन किया था। जिसमे ग्राम की तिजहारिन महिलाएं पहुंचकर बड़ी संख्या में करूभात खाई ।

### सामूहिक करूभात खाकर महिलाओं ने रखा तीजा व्रत



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के हल्बा पारा में इस वर्ष भी तीज मिलन के अवसर में मोहल्ले वालों ने तीजा उपवास रहने वाली सैकड़ों महिलाओं को सोमवार शाम को करू भात खिलाया। पति के दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हुए महिलाओं द्वारा इस व्रत को रखा जाता है और तीजा के दूसरे दिन 24 घंटे निर्जला व्रत रखकर और सोलह सिंगार करके भगवान शिव और पार्वती की कथा सुनी जाती है। रेंगाडबरी में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ महिलाएं माता बहनों ने अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख शांति के लिए व्रत रखा है।

### पर्व पर महिलाओं ने किया भजन-किर्तन







**दल्लीराजहरा।** तीजा पर्व मंगलवार को शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। घर-घर में महिलाओं ने करू भात बनाकर परंपरा का निर्वाह किया और निर्जला व्रत का संकल्प लिया। दल्लीराजहरा शहर और आसपास के गांवों में तीजा पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाएं परंपरागत वेशभूषा और श्रृंगार में सजी-धजी मंदिरों में जुटीं। भजन-कीर्तन, झूमर और पंथी नृत्य की प्रस्तुतियों ने पर्व को और भी खास बना दिया।

वार्ड 8 निवासी सुनीता यादव ने बताया तीजा पर्व हमारे लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, यह हमारे जीवन का संबल है। इस दिन हम भगवान शिव-पार्वती से अपने परिवार की खुशहाली और समाज की भलाई की प्रार्थना करते हैं। रेखा साहू ने कहा करू भात की परंपरा हमारी पुरखियों से चली आ रही है। इसे निभाना हमें गर्व और संतोष का एहसास कराता है।

## गणराज युवा शक्ति स्वास्थ्य शिविरों का करेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय श्री गणराज युवा शक्ति गणेशोत्सव द्वारा मुख्य मार्ग पर श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। श्री गणराज युवा शक्ति समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेशोत्सव पर्व पर पूरे सत्र में स्वास्थ्य सहित अन्य शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा नगर के मुख्य मार्ग पर इस तरह का भव्य स्तर का गणेशोत्सव पर्व पहली बार आयोजित किया जा रहा है।

श्री गणराज युवा शक्ति समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 27 अगस्त को विधि विधान से भगवान गणेश प्रतिमा की स्थापना सम्पन्न होगी। इसी तरह श्री गणराज युवा शक्ति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी 31 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा आगामी 3 सितंबर को समिति द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा समिति द्वारा आगामी 6 सितंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री गणराज युवा शक्ति समिति के सदस्यों में अरिहंत भंसाली, बंसल जैन, अंश ठाकुर, हर्षवीर कसार, नमन लोढ़ा, दिव्य जैन, शयल जैन, अक्षत जैन, संयम जैन तथा ऋषि जैन शामिल हैं।

## वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए पार्षद राजेन्द्र ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर परिषद के पार्षद राजेन्द्र निषाद ने अपने वार्ड के वंचित वर्ग देवार जाति के बच्चों को एकत्र कर उनकी शिक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने बच्चों के प्रवेश और अध्ययन कक्षा की जानकारी लेकर शिक्षा के महत्व पर सभी को जागरूक किया। इस दौरान पार्षद निषाद ने पीएमश्री प्राथमिक शाला एवं कन्या माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा के प्रधान पाठक राजेश लारेंद्र एवं जितेन्द्र देशमुख से विद्यालय में मुलाकात कर बच्चों के लिए विशेष पहल करने पर चर्चा की।

दोनों प्रधानपाठकों ने आश्वासन दिया कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उपस्थित शिक्षकों में अल्का खरे, खिलेश्वरी साहू, नरोत्तम जांगड़े एवं डोमेंद्र साहू ने भी अपने-अपने प्रयासों की जानकारी दी। बच्चों के नाम विद्यालय में दाखिल होना बताया गया और बच्चों की शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए सुझाव साझा किए। उन्होंने पार्षद निषाद के साथ मिलकर आगामी शैक्षणिक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया ताकि वंचित वर्ग के बच्चों को निरंतर शैक्षिक अवसर मिलते रहें। पार्षद निषाद ने कहा कि समाज का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से न केवल बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति नई सोच भी विकसित होगी।

### एमपी की 50 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त

**दुर्ग।** आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार तड़के नेहरूनगर चौक पर मध्य प्रदेश से लाई गई करीब 50 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी मनदीप सिंह भाटिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद पता चला कि 12 बोतल ब्लंडर स्प्राइड और 48 बोतल मैक्डावल नंबर शराब लाल स्वीफ्ट कार में रखकर लाई गई थी। बहरहाल आबकारी विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सशिमं में जिला स्तरीय खोखो और कब्डी स्पर्धा का समापन

# जिला स्तरीय खेलकुद स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताआश्रम हथौद करहीभदर में जिला स्तरीय खेलकूद खो–खो, कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई।

इस प्रतियोगिता में मुख्य आतिथ्य उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष सरपंच संघ बालोद पीपरछेड़ी कृष्णाराम साहू ने किया। विशेष आतिथ्य अध्यक्ष भाजपा मंडल करहीभदर धर्मेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत निपानी दिलीप कुमार डहरे, अध्यक्ष जिला ग्राम भारती महर्षि मुक्त शिक्षण समिति हथौद बालोद जागेश्वर सिंह साहू, सदस्य जिला ग्राम भारती युगल किशोर साहू, सदस्य जिला ग्राम भारती बालोद जयंत साहू, व्यवस्थापक महर्षि मुक्त शिक्षण समिति हथौद ओमप्रकाश गजेन्द्र, सेवा निवृत्त शिक्षक चिराईगोडी गोविन्द राम साहू थे।

मुख्य अतिथि तोमन साहू ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ खेल का महत्व अधिक होता है। खेल से शरीर चुस्त और तंदरुस्त होता है व स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। छात्र पढ़ाई के साथ–साथ खेल में भी कैरियर बनाकर आगे बढ़ सकते हैं। कृष्णा राम साहू ने भी खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने व मन लगाकर पढ़ाई करने कहा। आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश गजेन्द्र व्यवस्थापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिले से कुल पांच संकुल करहीभदर, झलमला, मालीघोरी, अरमरीकला, कचांदुर से लगभग 400 खिलाड़ी व 50 निर्णायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य संकुल प्रमुख पवन कुमार साहू, संकुल प्रमुख झलमला दुलार सिंह पटेल, संकुल प्रमुख कचांदुर अशोक साहू, जिला समन्वयक बालोद दीपक हिरवानी, तोषण साहू, युवराज साहू, थानसिंह साहू व विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी व जिला के समस्त आचार्य एवं दीदी व पालक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411